चालू वित्त वर्ष (सितम्बर, 1992 तक) के दौरान किए गए ऋण करारों का विवरण

देश/संस्था का नाम	परियोजना का नाम	राशि (मिलियन अमरीकी डालर)	ब्याज प्रतिशत की दर	वापसी अदायगी की शर्तें	
				रियायती अवधि	वापसी अदा-यगी की अवधि
				वर्ष	वर्ष
आई०डी०ए०	राष्ट्रीय राजमार्ग तंत्र	153	0.75 + 0.50 वचनबद्धता प्रभार	10	25
	एच आई बी/एड्स रोग नियंत्रण	84	-वही- *	10	25
आई०बी०आर०डी०	राष्ट्रीय राजमार्ग तंत्र	153	7.71 + 0.75 वचनबद्धता प्रभार	5	15
ए०डी०बी०	तापीय बिजली केन्द्रों का द्वितीय रेलवे परियोजना विस्तार	225	6.53 + 0.75 वचनबद्धता प्रभार	5	20
जर्मनी	यूरन गैस टूबाइन्स विस्तार	112 मिलियन ड्यूश मार्क	2.00 से 7.50	3 से 10	10 से 30
	आयातों की विदेशी मुद्रा लागत	45 मिलियन ड्यूश मार्क	-वही-	-वही-	-वही-

*ब्याज की दर बदलती रहती है।

मुम्बई में एक नये शेयर बाजार का खोला जाना

159. श्री राम सिंह राठवा: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मुम्बई में एक नया शेयर बाजार खोलने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसकी स्थापना किये जाने की दिशा में सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गये हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) सरकार ने सिद्धान्ततः अगस्त, 1991 में नई बम्बई में राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज की स्थापना को स्वीकार कर दिया है।

(ख) राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज की मंशा एक आदर्श एक्सचेंज के रूप में कार्य करने और देश के विभिन्न भागों के निवेशकों के साथ सम्पर्क स्थापित करने की है। साथ ही, यह भी प्रस्ताव है कि राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज प्रतिभूतियों में व्यवहार करने और लेन-देनों का निपटान करने, दोनों में स्वतः ही कार्य प्रारम्भ करेगा।

(ग) 7 अगस्त, 1992 को सम्पन्न मंत्रालय की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि भारतीय औद्योगिक विकास बैंक राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज का प्रमुख प्रमोटर होगा। इस मंत्रालय ने 19 नवम्बर, 1992 को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को महाराष्ट्र के कंपनी रजिस्ट्रार के साथ "भारतीय राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज" के पंजीकरण की अनुमति दे दी है क्योंकि राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज की स्थापना भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और अन्य संस्थाओं द्वारा की जा रही है।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा राज्यों में किया गया निवेश

160. **श्री ईशदत्त यादव**: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने इस वर्ष राज्यों में कोई भी निवेश नहीं किया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और